**प्रेस नोट संख्या-86**
**दिनांक 28.11.2023**
**सराहनीय कार्य थाना पीपरपुर पुलिस**
**चोरी का खुलासा, चोरी के 03 अदद सोलर पैनल व 01 अदद बैट्री के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 28.11.2023 को उ0नि0 प्रेम चन्द गौतम थाना पीपरपुर मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन, तलाश वांछित/वारण्टी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी किये गये सोलर पैनल बेचने के लिये 02 व्यक्ति कल्याणपुर चौराहे के पास मौजूद हैं उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए कल्याणपुर चौराहे पर पहुंचकर मुखबिर की निशानदेही पर 02 अभियुक्तों को पकड़ कर पूछताछ की गयी। पूछताछ में 01 अभियुक्त ने अपना नाम संदीप कुमार उर्फ संसारी पुत्र राम अजोर तथा दूसरे ने अपना नाम सोनू कुमार पुत्र संजय कुमार निवासीगण ग्राम भदांव थाना पीपरपुर जनपद अमेठी बताया। तलाशी से संदीप कुमार उर्फ संसारी के कब्जे से 01 अदद सोलर पैनल व 01 अदद चाकू बरामद हुआ।

सोलर पैनल के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि यह सोलर पैनल हम दोनों ने मिलकर दिनांक 20.11.2023 को ग्राम भदांव में पानी की टंकी से चोरी किया था जिसमें 01 सोलर पैनल पयागीपुर सुल्तानपुर में फैयाज की दुकान पर बेच दिया था आगे पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों लोगों ने ग्राम भदांव में हनुमान मंदिर से 01 बैट्री चोरी किया था तथा सकरा राम रामनगर से 01 सोलर पैनल चोरी कर फैय्याज की दुकान पर बेच दिया था। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर फैयाज की दुकान पयागीपुर, सुल्तानपुर से चोरी के 02 अदद सोलर पैनल व 01 अदद बैट्री बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर उक्त तीनों अभियुक्तों (1.संदीप कुमार उर्फ संसारी, 2.सोनू कुमार व 3.फैय्याज) को मौके से समय करीब 08:20 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. संदीप कुमार उर्फ संसारी पुत्र राम अजोर निवासी ग्राम भदांव थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।
2. सोनू कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी ग्राम भदांव थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 20।
3. फैय्याज पुत्र मो0 यूनुस निवासी शास्त्रीनगर खैराबाद थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 24 वर्ष।

**बरामदगी-**

1. 02 अदद सोलर पैनल (संबंधित मु0अ0सं0 160/23)
2. 01 अदद बैट्री (संबंधित मु0अ0सं0 161/23)
3. 01 अदद सोलर पैनल (संबंधित मु0अ0सं0 162/23)
4. 01 अदद चाकू

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–**

- मु0अ0सं0 160/23 धारा 379,411,413 भादवि थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
- मु0अ0सं0 161/23 धारा 379,411,413 भादवि थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
- मु0अ0सं0 162/23 धारा 379,411,413 भादवि थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
- मु0अ0सं0 163/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 प्रेम चन्द गौतम थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 संजय कुमार सिंह थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
3. हे0का0 राज कुमार यादव थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
4. का0 प्रवीण सचान थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
5. का0 विकुल कुमार थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।
6. का0 मो0 सरवर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।

PRESS NOTE